# ₹5600 करोड़ से बनेगा कानपुर-भोपाल इकॉनमिक कॉरिडोर, टेंडर प्रक्रिया शुरू

**NBT रिपोर्ट, कानपुर :** कानपुर-भोपाल के बीच प्रस्तावित इकॉनमिक कॉरिडोर (एक्सप्रेस-वे) के कानपुर-महोबा खंड के लिए एनएचएआई ने टेंडर जारी किया है। टेंडर 10 फरवरी को खोले जाएंगे। प्रॉजेक्ट मैनेजर पंकज यादव के अनुसार कानपुर, हमीरपुर और महोबा में 1100 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण होना है। करीब 5600 करोड़ के प्रॉजेक्ट के तहत साल के अंत तक काम शुरू होने की उम्मीद है, जो तीस माह में पूरा होगा। कानपुर के नौबस्ता (रिंग रोड) से शुरू होकर महोबा के कबरई तक तीन जिलों में जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया जारी है।

10 फरवरी को खुलेगा टेंडर, जमीन लेने का काम जारी

**यह है प्रॉजेक्ट :** लखनऊ, कानपुर-भोपाल इकॉनमिक कॉरिडोर में कानपुर से भोपाल के बीच की दूरी 500 किमी के आसपास होगी। एक्सप्रसे-वे कानपुर से हमीरपुर, महोबा के रास्ते मध्य प्रदेश के छतरपुर, सागर, विदिशा और भोपाल तक जाएगा। कानपुर में नौबस्ता (रिंग रोड) से शुरू होकर महोबा के कबरई तक दूरी 112 किमी होगी। कानपुर रिंग रोड को उन्नाव में लखनऊ एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। वर्तमान में कानपुर से भोपाल पहुंचने में लगभग 12 घंटे और लखनऊ से भोपाल पहुंचने में 14 घंटे लगते हैं। नया एक्सप्रेसवे बनने से समय घटकर आधा हो जाएगा।